<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

रणनीतिक बैठक: इरेडा ने व्यवसाय विस्तार और लागत कटौती पहल के लिए मजबूत योजनाओं की रूपरेखा तैयार की

इरेडा के सीएमडी ने इरेडा की ट्रेजेक्टरी में विश्वास की पुष्टि की

गुरूग्राम, 2 फरवरी,2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने अपने नॉलेज पार्टनर बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के साथ साझेदारी में आज गुरुग्राम में एक रणनीतिक बैठक आयोजित की, जिसमें व्यापार विस्तार के प्रमुख पहलुओं और फंड के उपयोग करने के लिए लागत में कमी लाने के उद्देश्य से पहल पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस रणनीतिक बैठक का उद्घाटन करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास ने संगठन की मजबूत प्रगति पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह चर्चा वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए लक्ष्य हासिल करने की उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। श्री दास ने कहा कि, "आज के विचार-विमर्श न केवल हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए है बल्कि उससे आगे बढ़ने के लिए हमारे निरंतर समर्पण को रेखांकित करते हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी रणनीतिक कार्य न केवल इरेडा के भविष्य को आकार देंगी, बल्कि देश में एक स्थायी और गतिशील नवीकरणीय ऊर्जा की प्रगति के परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी ।"

इरेडा की यह रणनीति टीम ने अपनी पहल प्रस्तुत की, जिसमें प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई)के बारे में एक व्यापक रिपोर्ट और प्रस्तावित आईटी-आधारित संवर्द्धन शामिल थे, जिसका उद्देश्य समग्र दक्षता और उपयोगकर्ता के अनुभव में सुधार करना था। इस विचार-विमर्श में संभावित चुनौतियों के बीच वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत वसूली कार्य योजना तैयार करने के साथ-साथ प्रत्याशित सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा भी शामिल थी।

इस रणनीतिक बैठक में खुदरा क्षेत्र को व्यापक रूप से शामिल किया गया और अन्य बातों के अलावा खुदरा विकास के लिए प्रस्तावित इरेडा रणनीति की रूपरेखा तैयार की गई। इस चर्चा का एक मुख्य विषय फंड की लागत को कम करने की पहल का कार्यान्वयन करने के बारे में भी था। इस नेतृत्व टीम ने घरेलू और विदेशी लाइनों की गहन समीक्षा की और अतिरिक्त तरलता का निवारण करने के लिए और अधिकतम बांड जुटाने के अनुकूलन के लिए रणनीतियों की खोज की।

यह बैठक भारत सरकार के विजन और लक्ष्यों के अनुरूप नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए इरेडा की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुई।